# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q . गृहमंत्री अमित शाह ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान के कहां में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।?**

(A) आमेर, जयपुर

(B) पोकरण, जैसलमेर

(C) निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़

(D) इनमें से कोई नही

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 16 अगस्त को अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान के निम्बाहेड़ा में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) स्थित जे.के. सर्किल पर उनकी 21 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का अनावरण किया

पूर्व प्रधानमंत्री Atal Bihari Vajpayee की पुण्यतिथि हर साल 16 अगस्त को मनाई जाती है। उनका निधन 16 अगस्त 2018 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था।

**Yesterday revision**

प्रश्न 1: राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में 18 से 20 अगस्त तक किस विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक बैठक आयोजित की जा रही है?
उत्तर: गेहूं एवं जौ अनुसंधान पर।
प्रश्न 2: हाल ही में राजस्थान में 66.74 लाख किसानों के खाते में सीएम किसान सम्मान निधि की छठी किस्त ट्रांसफर की गई है, इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों को प्रतिवर्ष कितनी अतिरिक्त राशि दी जाती है?
उत्तर: 3000 रुपये (यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि के 6000 रुपये के अतिरिक्त दी जाती है)।
प्रश्न 3: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान के कितने आकांक्षी (आशान्वित) ब्लॉकों में 'किशोरी बालिका योजना' का शुभारंभ किया गया है?
उत्तर: 27 आकांक्षी ब्लॉकों में।
प्रश्न 4: राजस्थान में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू (DNT) समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान और उन्हें स्थाई आवास देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौनसी प्रमुख योजनाएं लागू की गई हैं?
उत्तर: 'दादूदयाल घुमंतू सशक्तीकरण योजना' और 'मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना'।
प्रश्न 5: जयपुर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किसे 'मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है?
उत्तर: कानपुर की कवियित्री प्रतिष्ठा रावत शर्मा को।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) सिरोही जिले में आबूरोड स्थित डेरी और बसंतगढ़ क्षेत्र में तांबा (कॉपर), सीसा (लेड), जस्ता (जिंक) और सह-खनिजों के विपुल भंडार के संकेत मिले हैं।

(B) इस क्षेत्र में भूमिगत खनन (अंडरग्राउंड माइनिंग) तकनीक के जरिए खनिज निकाले जाएंगे।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

सिरोही जिले में आबूरोड स्थित डेरी और बसंतगढ़ क्षेत्र में तांबा (कॉपर), सीसा (लेड), जस्ता (जिंक) और सह-खनिजों के विपुल भंडार के संकेत मिले हैं। खान विभाग ने इस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन (खोज) और खनन शुरू करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर ली है।

👁 इसी बेल्ट के तहत गुजरात के अंबाजी क्षेत्र में पहले से ही खनन परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। राजस्थांन में इस परियोजना के शुरू होने से राजस्व में भारी इजाफा होगा, बल्कि रोजगार अवसर भी सृजित होंगे।

👁 इस क्षेत्र में भूमिगत खनन (अंडरग्राउंड माइनिंग) तकनीक के जरिए खनिज निकाले जाएंगे।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान के पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल को अर्जुन अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है।

(2) खेल मंत्रालय द्वारा इस बार कुल 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

18 अगस्त को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो गई है, लेकिन इस बार देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया। वहीं, 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है

राजस्थान के पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल को अर्जुन अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है।

रुद्रांश अपने करियर में अब तक 4 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। वे साल 2023 में 50 मीटर शूटिंग इवेंट में दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी बने थे।

रुद्रांश के नाम 25 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मेडल दर्ज हैं। अर्जुन अवॉर्ड के चयन का मुख्य आधार बने 10 पदकों में 6 गोल्ड और 4 सिल्वर शामिल हैं।

भारत में सबसे पुराना राष्ट्रीय खेल पुरस्कार अर्जुन पुरस्कार है। वर्ष 1961 में इसकी शुरुआत हुई थी। खेल में अपनी उत्कृष्टता के लिए खेल हस्तियों को समर्पित यह पुरस्कार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के बाद दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

03. जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए राजस्थान का पहला 'ट्राइबल इन्क्यूबेशन सेंटर' किस जिले में शुरू किया गया है?

(A) बांसवाड़ा

(B) उदयपुर

(C) चित्तौड़गढ़

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए राजस्थान का पहला 'ट्राइबल इन्क्यूबेशन सेंटर' बांसवाड़ा जिले में शुरू (लोकार्पण) किया गया है।
- इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को नए व्यावसायिक विचारों (स्टार्टअप्स) को विकसित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उचित मार्गदर्शन व सहायता प्रदान करना है।
- प्रदेश में अब इन्क्यूबेशन सेंटर्स की संख्या 10 हो गई है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम के तहत राजस्थान के भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे 184 सीमावर्ती गाँवों का व्यापक विकास किया जा रहा है

(2) इसके तहत श्रीगंगानगर के सर्वाधिक 68 गाँव शामिल है

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

राजस्थान वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम भारत सरकार की एक रणनीतिक योजना है, जिसके तहत राजस्थान के भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे 184 सीमावर्ती गाँवों का व्यापक विकास किया जा रहा है

👁️‍🗨️ चयनित प्रत्येक सीमावर्ती गांव में व्यापक विकास और सुविधाओं के लिए ₹3 करोड़ प्रति गांव प्रति वर्ष की राशि का प्रावधान किया गया है।

👁️‍🗨️ वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम-II में राजस्थान के 5 सीमावर्ती जिलों के कुल 184 रणनीतिक गाँव शामिल

श्रीगंगानगर 68 गाँव (सर्वाधिक)

बीकानेर 46 गाँव

बाड़मेर 36 गाँव

जैसलमेर 30 गाँव

फलौदी 4 गाँव (न्यूनतम)

**05. पंचायत समिति को ISO 9001 और ISO 14001 दोनों अंतरराष्ट्रीय मानकों का एक साथ प्रमाणन मिला है।?**

**(A) पंचायत समिति तिंवरी**

**(B) पंचायत समिति जोबनेर**

**(C) पंचायत समिति जवानपुरा**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

'जोधपुर जिले में स्थित पंचायत समिति तिंवरी ने गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पंचायत समिति को ISO 9001 और ISO 14001 दोनों अंतरराष्ट्रीय मानकों का एक साथ प्रमाणन मिला है।

👁‍🗨 अधिकारियों के अनुसार, दोनों प्रमाणपत्र एक साथ हासिल करने वाली तिंवरी प्रदेश की पहली पंचायत समिति है।

👁‍🗨 दिल्ली से आए प्रमाणन संस्था के प्रतिनिधि कैलाश शर्मा ने विधायक भैराराम सियोल की मौजूदगी में विकास अधिकारी संपत गोदारा को दोनों प्रमाणपत्र सौंपे।

👁‍🗨 ISO मानकों के अनुरूप पंचायत समिति परिसर में आमजन के लिए स्वच्छ शौचालय, शीतल पेयजल और बैठने की व्यवस्था की गई है। सूचना पट्ट, सुझाव पेटिका और अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं। परिसर में हरियाली और लॉन विकसित कर पर्यावरणीय व्यवस्थाओं में भी सुधार किया गया।

जयपुर, रविवार, 16 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-178

1. **'द** राजस्थान ट्रीज (प्रोटेक्शन) बिल-2026' के तहत राज्य वृक्ष खेजड़ी सहित कितनी प्रजातियों के पेड़ काटने पर रोक लगेगी?
(A) 15 (B) 21
(C) 29 (D) 35

2. **विमुक्त,** घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदायों के सशक्तीकरण एवं उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन-सी नई योजना शुरू की गई है?
(A) देवनारायण घुमन्तू उत्थान योजना
(B) दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना
(C) आम्बेडकर घुमन्तू कल्याण योजना
(D) महाराणा प्रताप घुमन्तू आवास योजना

3. **कृषि** एवं बागवानी विकास को बढ़ावा देने के लिए 12 करोड़ रुपये की लागत से 'किन्नू उत्कृष्टता केंद्र' का शिलान्यास कहां किया गया है?
(A) हनुमानगढ़
(B) श्रीगंगानगर
(C) अनूपगढ़
(D) सूरतगढ़

4. **राज्य** सरकार ने निवेश और आर्थिक प्रगति को गति देते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 तक कितने बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है?
(A) 250 बिलियन डॉलर
(B) 350 बिलियन डॉलर
(C) 500 बिलियन डॉलर
(D) 1 ट्रिलियन डॉलर

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति' के तहत सवाई माधोपुर जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) रोहिड़ा (B) नीम
(C) शीशम (D) ढाक

**Today, Quiz:**

**Q. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान के कहां में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।?**

**(A) आमेर, जयपुर**

**(B) पोकरण, जैसलमेर**

**(C) निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़**

**(D) इनमें से कोई नही**

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM — GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK — GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM — GK Search Engine